


एडवेंचर टूरिज्म : ऐसी यात्रा गतिविधि... पृष्ठ 2 | कन्हारपुरी वार्ड में दीपक बैज का ऐतिहासिक... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




सोमवार, 23 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 132, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## सशक्त समाज निर्माण में शिक्षा और संगठन की भूमिका अहम : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बलौदा बाजार जिले के ग्राम चांपा में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो दिवसीय 80वें महाअधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्य तिथि पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा समाज की विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मनवा कुर्मी समाज को परिश्रमी, संगठित और उन्नत कृषक परंपरा वाला समाज बताते हुए कहा कि समाज का योगदान राज्य की प्रगति में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने 80वें महाअधिवेशन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मेल-मिलाप, समन्वय और सकारात्मक निर्णयों को बढ़ावा देते हैं, जिसका लाभ पूरे प्रदेश और देश को मिलता है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा के गृह ग्राम चांपा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा सशक्त समाज निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने समाज द्वारा बेटा-बेटी दोनों को शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही आत्मनिर्भर और प्रगतिशील समाज बनता है। उन्होंने महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने, युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता और सामाजिक सुधार के प्रयासों को भी सराहनीय बताया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गए हैं। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा गया है तथा होली से पूर्व किसानों को लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की अंतर राशि प्रदान की जाएगी। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में अब विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में सरकार दृढ़ता से काम कर रही है। नियद नेल्लार योजना के माध्यम से लगभग 400 गांवों में विकास कार्यों को गति दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम नरदहा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये तथा बलौदा बाजार में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास हुआ है और किसानों, महिलाओं तथा युवाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं। अधिवेशन में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्री खोड़स राम वर्मा ने समाज द्वारा लिए गए सामाजिक सुधार के महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजिम विधायक श्री रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, महिलाएं, युवा और स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी ने दी अहम जिम्मेदारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा को भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस सिलसिले में वे रविवार को बंगाल पहुंचे। पार्टी ने उन्हें पुरूलिया लोकसभा अंतर्गत मानबाजार विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को लेकर श्री शर्मा ने आभार जताया है। श्री शर्मा का यह दायित्व न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि अन्य राज्यों में पार्टी की रणनीतिक भूमिका में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी दर्शाता है। वे लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली को पार्टी नेतृत्व ने कई बार सराहा है। श्री शर्मा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगे और पार्टी के विजय संकल्प को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। ज्ञात हो कि श्री शर्मा इसके पूर्व बिहार, असम, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं, जहां उनकी सक्रियता से पार्टी के प्रत्याशियों ने विजयश्री प्राप्त की थी।



## अंतर महाविद्यालय (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन दिग्विजय कॉलेज में

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय द्वारा दिनांक 20/02/2026 को अंतर महाविद्यालय नैटबॉल



(पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुचित्रा गुप्ता विशिष्ट अतिथि यह एक का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण राजनांदगांव विशिष्ट अतिथि श्री दीपक कुमार परगनिया रजिस्ट्रार थे। डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि सभी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की टीम में चयनित होने का प्रयास करें तथा खेल को खेल भावना से खेले। प्रथम सेमीफाइनल दिग्विजय महाविद्यालय वर्सेस मनसा महाविद्यालय भिलाई द्वितीय सेमीफाइनल टल्ज् दुर्ग वर्सेस वैशाली नगर फाइनल मैच वो टल्ज् दुर्ग वर्सेस दिग्विजय महाविद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें भी VYT दुर्ग विजेता बना दिग्विजय कॉलेज उप विजेता रहा। इस अवसर पर मोहन राव सचिव छत्तीसगढ़ नैटबॉल, भोज कुमार वरिष्ठ खिलाड़ी, ऋषिकेश मेंश्राम प्रशिक्षक नेटबॉल, रजत खुटेल प्रशिक्षक नैटबॉल, अंकित प्रशिक्षक नैटबॉल, डॉ.यशवंत देशमुख कि क्रीड़ाधिकारी वैशाली नगर, श्री लक्ष्मेंद्र कुलदीप क्रीड़ाधिकारी VYT दुर्ग, श्री मेजर सिंह क्रीड़ाधिकारी, मनसा महाविद्यालय एवं श्री चंदन कुमार सिंह शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव उपस्थित थे।




## एआई समिट में नग्न प्रदर्शन राहूल की भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश : कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने नई दिल्ली में आहूत एआई समिट के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए नग्न प्रदर्शन को भारत को अपमानित करने की एक सोची-समझी साजिश बताते हुए कहा है कि राहुल गांधी राजनीति के एक नए निचले स्तर पर गिर गए हैं, जहाँ उन्होंने कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राजनीतिक पोस्टर लेकर दुनिया के सबसे बड़े 'एआई इम्पैक्ट समिट' में निर्वस्त्र होने का निर्देश दिया। कोमल ने कहा कि कांग्रेस द्वारा पूर्व मे भी देश को अपमानित करने के बहुत प्रयास किए थे परन्तु यह प्रदर्शन कांग्रेस के घोर पतन, निर्लज्जता और मानसिक दीवालिएपन को दर्शाता है। राहुल गांधी के उकसावे पर की गई यह घिनौनी हरकत कांग्रेस पार्टी के पूर्ण वैचारिक पतन को उजागर करती है। एक तरफ जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, प्रगति और राष्ट्र निर्माण के लिए खड़ा है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केवल व्यवधान, बाधा और नकारात्मकता राजनीति का प्रतीक बन कर रह गई है। श्री राजपूत ने आक्रोशित स्वर मे कहा कि ऐसे गंदे कार्यो के कारण ही भाजयुमो द्वारा कांग्रेस मुख्यालयो का घेराव कर जनता का ध्यान कांग्रेस की गंदी एवं अर्धनग्न सोच की ओर ध्यानाकर्षण करने हेतु किया गया उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' को बदनाम करने की साजिश बहुत पहले ही रच ली थी। राहुल गांधी के इशारे पर लोगों को इकट्ठा किया गया, उन्हें शिखर सम्मेलन के लिए पंजीकृत कराया गया और फिर इस अपमानजनक कृत्य के लिए उकसाया गया। श्री राजपूत ने कहा कि तकनीक के विकास के मामले में दुनिया भारत का लोहा मान रही है लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस ने देश की छवि को नुकसान पहुँचाने का रास्ता चुना और पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मिंदा करने की सक्रिय कोशिश की है और इस सब के पीछे एकमात्र कारण यह है कि राहुल गांधी भारत को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ते हुए नहीं देख सकते। श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस ओछी हरकतों से बाज आए अन्यथा आने वाले समय में कांग्रेस एक खोया इतिहास बन कर रह जाएगी।



## विभा साहू बनीं जिला साहू संघ की उपाध्यक्ष

### समाज और संगठन को मिलेगा उनके अनुभव का लाभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला साहू संघ की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ के सहमति से कार्यकारी अध्यक्ष भागवत साहू ने जिला पंचायत सदस्य अर्जुनी श्रीमती विभा साहू को जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इस मनोनयन से साहू समाज में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन के बाद श्रीमती विभा साहू ने कार्यकारी अध्यक्ष भागवत साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगी और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगी। जानकारी के अनुसार जिला साहू संघ द्वारा न्याय प्रकोष्ठ को छोड़कर शेष पूरी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। इसके पश्चात प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष को पत्र लिखकर जिला बॉडी के संचालन हेतु कुछ सदस्यों की एक समिति गठित करने संबंधी सूचना दी गई है। इस प्रस्तावित समिति में जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष पद के लिए जिला पंचायत सदस्य अर्जुनी श्रीमती विभा साहू को शामिल किया गया है। राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ पूरे साहू समाज को मिलेगा। ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को सुचारु रूप से आगे बढ़ाया जा सके। कुल मिलाकर विभा साहू का उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन जिला साहू संघ के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। जिससे समाज को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की संभावना है।



## सरकार की निरंकुशता और प्रशासनिक लचरता से अपराध को बढ़ावा- रूपेश दुबे

### महिला बाल विकास, स्वास्थ में फर्जीवाड़ा,आबकारी सहित कई विभागों में अवैध कार्य संरक्षित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सरकार की निरंकुशता और विभागों में फर्जीवाड़ा और अवैध कार्यों की लंबी फेरहिस्त को प्रमाण सहित रेखांकित करते हुए कहा कि छ ग सहित राजनांदगांव में जिस प्रकार से प्रशासनिक तंत्र अपने सक्रिय कलेक्टर के सोच को रद्दी की टोकरी में डालकर अपराध को संरक्षित किये बैठे है वह शर्मनाक है । प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने प्रमाण सहित बताया कि महिला बाल विकास विभाग में आंगनवाड़ी सहायिका पद में ग्रेड अंकसूची का फर्जी अंक निर्धारण करा अपात्र को नियुक्ति देकर विभाग ने फर्जीवाड़ा किया अंक सूची के संबंध में शिकायत होने पर डी ई ओ द्वारा गठित जांच दल ने उस अंक सूची के अंक निर्धारण को गलत प्रमाणित किया है नियुक्ति के पहले ही इस संबंध में शिकायत किए जाने पर विभाग अपनी कारगुजारियों से फर्जीवाड़ा कर सरकार को चूना लगा कर आर्थिक अनियमितता किए हैं। विभाग संलिप्त आरोपियों को बचाने एड़ी चोटी लगाए है इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग में फर्जी टेक्निशियनों की नियुक्ति के मामले में दस्तावेजों सहित शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठकर जनता के जीवन से खिलवाड़ करने का संकल्प लिए बैठे हैं । आबकारी विभाग तो राजस्व के नाम पर अवैध दुकाने नियम की धज्जियां उड़ाकर खोले बैठे हैं राजनांदगांव में जितने भी प्रीमियम या कम्पोजिट शराब दुकान चल रहे हैं उन भवनों का ना तो पीडब्ल्यूडी विभाग से भवन का मूल्यांकन है और तो और निगम से भवन अनुज्ञा भी नहीं होने के साथ भाड़ा नियंत्रण विभाग से किराया भी फिक्स नहीं कराया गया है जबकि सरकारी नियमों में किराए के भवन का भाड़ा नियंत्रण से किराया फिक्सेशन कराना अनिवार्य प्रावधान है अवैध धान , अवैध खनिज पकड़ कर फोटो खींचाने वाले एक भी अवैध परिवहन करने वाले वाहन को राजसात नहीं कर अवैध कार्यों में लगे रसूखदारों को बचाने का काम किये हैं । फर्जीवाड़ा अवैध काम का हर विभाग में लंबी फेरहिस्त है जिससे अपराध व अपराधियों के हौसले बुलंद है।



## रायपुर बना राष्ट्रीय व्यापार का हब CAIT नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 ने रचा नया इतिहास

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा आयोजित केट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 अपने ऐतिहासिक शुभारंभ के बाद दूसरे दिन और अधिक भव्यता, उत्साह एवं व्यापक सहभागिता के साथ आगे बढ़ता नजर आया, रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में हो रहा यह आयोजन शहर को राष्ट्रीय व्यापारिक मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिला रहा है, एक्सपो में केट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर परवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, वहीं आज के आयोजन में राजनांदगांव केट इकाई के जिला अध्यक्ष श्री राजेश राजू डागा, संरक्षक श्री अशोक पाण्डे, केट उपाध्यक्ष एमजेएफ लायन अमित खण्डेलवाल, प्रदेश महामंत्री श्री संजय तेजवानी, चेयरमेन श्री राजा माखीजा, पार्षद श्री मणि भास्कर, श्री रवि सिन्हा, श्री संजय रजक एवं श्री मनोज देवांगन की गरिमामयी उपस्थिति रही, अतिथियों का दुपट्टा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया, अतिथियों ने एक्सपो परिसर का भ्रमण कर देशभर से आए व्यापारियों, उद्योगपतियों, नवउद्यम प्रतिनिधियों एवं महिला उद्यमियों से संवाद किया और प्रदर्शित उत्पादों व नवाचारों की सराहना की, इस अवसर पर केट उपाध्यक्ष अमित खण्डेलवाल ने आगामी माह में राजनांदगांव में इसी प्रकार के आयोजन की संभावनाओं पर विचार-विमर्श की जानकारी दी, अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि केट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 स्थानीय व्यापार, उद्योग और उद्यमिता को मजबूती देने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय व्यापारिक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यह आयोजन च्स्थानीय के लिए आवाजज् एवं च्आत्मनिर्भर भारतज् की सोच को व्यवहारिक रूप प्रदान करता है, एक्सपो में लघु एवं मध्यम उद्योग, नवउद्यम, महिला उद्यमिता, हस्तशिल्प, दैनिक उपभोग वस्तुएं, खाद्य प्रसंस्करण, प्रौद्योगिकी, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा एवं औद्योगिक उत्पादों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जा रहा है, देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठित ब्रांड और कंपनियों की भागीदारी ने इसे व्यापारिक नेटवर्किंग एवं नए व्यावसायिक अवसरों का सशक्त मंच बना दिया है, साथ ही आकर्षक छूट और विविध उत्पाद आम जनता के लिए भी विशेष आकर्षण बने हुए हैं, केट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर परवानी ने कहा कि यह एक्सपो केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि च्विकसित छत्तीसगढ़ 2047ज् के संकल्प की दिशा में केट का दूरदर्शी और ठोस प्रयास है जो राज्य के आर्थिक विकास को नई गति देगा, उल्लेखनीय है कि 20 से 24 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस राष्ट्रीय व्यापार महोत्सव का भव्य समापन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा जिससे आयोजन की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को नई ऊंचाई मिलेगी, लगातार बढ़ते उत्साह, सहभागिता और विश्वास के साथ केट नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 अब एक ऐतिहासिक, भव्य एवं दूरगामी प्रभाव वाला राष्ट्रीय व्यापारिक महाआयोजन बन चुका है जो विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के संकल्प को सशक्त आधार प्रदान करता है।



## गांधी, मौलाना और बघेलजी की पुण्यतिथि कार्यक्रम संपन्न

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश में डोंगरगढ़ शहर कांग्रेस के तत्वाधान में





स्वर्गीय श्रीमती कस्तूरबा गांधी जी, स्वर्गीय श्री मौलाना आजाद जी, स्वर्गीय खूबचंद बघेल जी की पुण्यतिथि का कार्यक्रम डोंगरगढ़ विधायक निवास में संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में डोंगरगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या देशपांडेय, जितेंद्र सिंह भाटिया अध्यक्ष जिला सेवादल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विजयराज चौहान जी, विष्णु लोधी, रिम्मी भाटिया, रामजी तराने, शिशुपाल भारती, ओमप्रकाश महानदी, मतीन खान, अकील खान, दुलीचंद बडोले, नरेश करसे, बबलू शांडिल्य, एडविन हैदर , दिनेश साखरे, श्रीमती निशा निर्मलकर, केशव टांडी, अम्बरीष डांडिया, धन्ना लाल गणवीर, संजीव गुप्ता ,ऋषि शर्मा,चंद्रशेखर बोरकर,धर्मेंद्र साहू,दशरथ सिंह ठाकुर, कुश कुमार, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## पर्चा के लिए पांच माह से घुमा रही है पटवारी

**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम कोटरा सरार निवासी विनोद गायकवाड़ को प.ह.न. 36 की पटवारी राधिका चंद्रवंशी पिछले पांच माह से पर्चा बनवाने के नाम पर घुमा रही है। मिली जानकारी के अनुसार विनोद गायकवाड़ अपनी जमीन जिसका खसरा नं. 48713 एवं रकबा 0.50ए. = 0.202हे. का फावती उठाने माह अक्टूबर 2025 में पंचायत एवं पटवारी राधिका चंद्रवंशी को दिया, पटवारी ने आवेदन देने के बाद एक सप्ताह में ही काम हो जाने की बात कही थी, पर अब तक नवीन पर्चा का काम नही किया गया है। नही बेंच पाया धान - विनोद गायकवाड़ इस वर्ष अपना धान नही बेच पाया , चूंकि पटवारी नया पर्चा बन जाने के बाद अपने ही नाम के पर्चे पर धान बेचने की बात कहती थी, फिर भी अब तक नया पर्चा नही बन सका। तहसीलदार छुट्टी में - विनोद गायकवाड़ ने जब भी पटवारी राधिका से पर्चा के बारे में बात की तो उन्होने हमेशा ही तहसीलदार के छुट्टी में रहने की बात कही ,क्या कोई तहसीलदार लगातार पांच माह छुटटी में रह सकता है और यदि है भी तो शासन उनका विकल्प क्यों तैयार नही करता।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल द्वारा निम्नलिखित भूमि के संबंध में विधिवत विक्रय अनुबंध (Agreement to Sell) संपादित किया गया है-भूमि विवरणः ग्राम सांकरा सर्वे नंबर 197/1,197/2,197/3, 197/4, 197/5,197/6 पी.एच.एन. क्रमांक 00065 राजस्व निरीक्षक मंडल टेडेसरा तहसील एवं जिला - राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) उक्त भूमि के वैध शीर्षकधारी एवं वास्तविक कब्जाधारी-

1. मोहम्मद अख्तर खान- पिता मोहम्मद इब्राहिम खान
2. मोहम्मद वसीम खान, पिता मोहम्मद हबीब खान द्वारा मेरे मुवक्किल के पक्ष में विधिवत विक्रय अनुबंध किया गया है। वर्तमान में केवल विक्रय विलेख (स्ड्डद्यद्ग ष्ठद्गद्गस्र) का पंजीयन शेष है, जो विधि अनुसार संपादित किया जाना प्रस्तावित है। अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, वित्तीय संस्था, ट्रस्ट अथवा अन्य किसी पक्ष को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा, आपत्ति, बंधक, ऋणभार, स्वामित्व विवाद या अन्य किसी प्रकार का अधिकार/हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर प्रमाण सहित लिखित आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में विक्रय विलेख का पंजीयन विधिवत संपादित कर लिया जाएगा। पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति हेतु मेरे मुवक्किल उत्तरदायी नहीं होंगे।

दिनांक 23/02/2026

अधिवक्ता
(अविनाश चंद साहू)
4/11, ऋषभ नगर, दुर्ग (छ. ग.)
मो-9329061719


### सप्ताह के सितारे (23 फरवरी 2026)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2- 8- 9 | 12-21-18-81-28-82 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 0 | 24-42-27-72-47-74 |
| बुध | 3- 5 - 7 - 8 | 57-75-58-85-78-87 |
| गुरू | 1- 4 - 5 - 9 | 14-41-15-51-45-54 |
| शुक्र | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शनि | 3 - 4 - 6- 0 | 46-64-47-74-68-86 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 6 - 7 - 0

सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 11- 32 -95 -65

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 16 - 17 - 10 | (6) 63 - 66 - 67- 60 |
| (2) 23 - 26 - 27 - 20 | (7) 73 - 76 - 77 - 70 |
| (3) 33 - 36 - 37 - 30 | (8) 83 - 86 - 87 - 80 |
| (4) 43 - 45 - 47 - 40 | (9) 93 - 96 - 97 - 90 |
| (5) 53 - 56 - 57 - 50 | (10) 03 - 06 - 07 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 02-39-06-67-69-54 | 35-86-20-96-59 |
| **-76-59-35-12-70 | **-30-23-83-52 |
| 91-78-82-20-54-65 | 28-55-20-73-87 |
| 77-00-36-25-88-27 | 82-93-22-34-30 |
| 94-31-55-49-18-15 | |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# एडवेंचर टूरिज्म : ऐसी यात्रा गतिविधि है जिसमें शारीरिक सक्रियता, प्रकृति से जुड़ाव और जोखिम के तत्व होते है

**डोंगरगढ़ (नादगाव टाइम्स)।** केंद्र सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिलें के डोंगरगढ़ पर्यटन केंद्र में एडवेंचर टूरिज्म से जुड़े उद्यमियों हेतु सेक्टर स्पेसिफिक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 35 उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना रहा। प्रथम दिवस प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं चुनौतियों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात मास्टर ट्रेनर द्वारा वन-टू-वन मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थागत ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। द्वितीय दिवस केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी प्रावधानों, ईडीपी प्रशिक्षण, कौशल विकास, मार्केटिंग रणनीतियों तथा उद्यम पंजीयन की



आवश्यकताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। अंतिम दिवस आयात-निर्यात की रणनीति, विभागीय समन्वय तथा भविष्य की मांगों के अनुरूप परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया। एडवेंचर टूरिज्म (साहसिक पर्यटन) ऐसी यात्रा गतिविधि है जिसमें शारीरिक सक्रियता, प्रकृति से जुड़ाव और जोखिम के तत्व जैसे ट्रेकिंग, राफ्टिंग एवं पर्वतारोहण शामिल होते हैं। यह पारंपरिक पर्यटन से अलग अनुभव प्रदान करता है, जो यात्रियों को व्यक्तिगत विकास, सांस्कृतिक अन्वेषण और अपने कंफर्ट ज़ोन से बाहर निकलने का अवसर देता है तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान सुनिश्चित करता है। समापन दिवस पर प्रशिक्षुओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ, ऋण प्रणाली, सब्सिडी, वर्किंग कैपिटल एवं प्रस्तुति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षण के दौरान उद्यम रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के प्रथम पर्वतारोही रोहित झा ने प्रतिभागियों को पर्यटन केंद्रों को बढ़ावा देने तथा छत्तीसगढ़ में पर्यटन के प्रचार-प्रसार की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। इकोवीरा इंडिया संस्था प्रमुख प्रमेश विजयवार ने आगामी प्रशिक्षण में सहभागिता के लिए स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम का क्रियान्वयन एवं मार्गदर्शन जिला उद्योग केंद्र राजनांदगांव के जनरल मैनेजर सतविंदर भाटिया के निर्देशन में संचालित हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर पारुल पाण्डेय, डिविजनल समन्वयक लोकेश सिन्हा एवं तुषार साहू की सक्रिय भूमिका रही। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक बताया। समापन अवसर पर चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# इनक्यूबेशन और स्टार्टअप इकोसिस्टम विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

### किसी भी स्टार्टअप या व्यापार के लिए मेंटरशिप का होना आवश्यक : डॉ. आर. एन. पटेल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में इनक्यूबेशन सेल के समन्वयक डॉ. केशव राम आडिल, कार्यशाला के आयोजन सचिव वंदना मिश्रा, एवं लिकेश्वर सिन्हा के मार्गदर्शन में इनक्यूबेशन और स्टार्टअप इकोसिस्टम विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ।

प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने कहा कि सीमित साधनों में सकारात्मक संसाधनों पर तब्दिल करना ही स्टार्टअप है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एनआईटी, रायपुर डॉ. आर. एन. पटेल ने बताया कि स्टार्टअप उसमें करो जिसमें आसपास के लोगों को फायदा हो लोगों के नीड को पहचानना और उसका समाधान करना ही स्टार्टअप है। अवसर को सृजन करना ही स्टार्टअप है। अगर




समाज में समस्या है तो उसका समाधान भी है इस समाधान को तलाशना स्टार्टअप है उन्होंने अपने वक्तव्य में परंपरागत व्यापार एवं स्टार्टअप व्यापार के अंतर को समझाया। किसी भी आईडिया के साथ मार्केट का होना अति आवश्यक है और साथ में एक कुशल टीम का होना आवश्यक है तभी आपका व्यापार सफल हो पाएगा। जब इन्वेंशन मार्केट से जुड़ता है और व्यापार करता है तो वह इनोवेशन कहलाता है अगर इनोवेशन को व्यापार नहीं मिलेगा तो वह केवल इन्वेंशन बन कर सीमित हो जाएगा। मुख्य अतिथि रुपेश कुमार चौबे, गोकुल ग्रामोद्योग पदुमतरा, राजनांदगांव ने आन्त्रप्रेन्योरशिप के बारे में बताया कि यह क्या है ऐसा विचार जो नया समाज के लिए उपयोगी होता है वही आन्त्रप्रेन्योरशिप है। ऐसा परंपरागत उत्पादों को नवीन रूप में बदलना एवं उसे जन उपभोग के लिए बनाना ही आन्त्रप्रेन्योरशिप है। कुछ ऐसा जो अभी तक किसी ने नहीं किया वहीं स्टार्टअप है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप इंडिया से सरकार से प्राप्त होने वाली विभिन्न स्कीमों के तहत आर्थिक सहयोग के बारे में बताया। और अपने मशरुम उद्योग के अपने रिसर्च एवं उत्पादन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से चर्चा किया। किसी भी उद्योग को सफल बनाने के लिए उसमें तकनीकी सहयोग की बहुत आवश्यकता होती है। कार्यक्रम का संचालन वंदना मिश्रा और लिकेश्वर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक ल, अतिथि व्याख्याता, एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पीएससी प्रारंभिक परीक्षा संपन्न, लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ प्रवीण वर्मा पहुंचे निरीक्षण में

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम (नादगाव टाइम्स)।** आयोजित लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा जिले में सुचारु रूप से संपन्न हुई। कबीरधाम जिले में




प्रारंभिक परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाए गए थे। जिले में आयोजित परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ प्रवीण वर्मा कबीरधाम पहुंचे। उन्होंने कवर्धा के शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर परीक्षा का संचालन देखा। इस दौरान नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रुचि शार्दूल भी उपस्थित रही। ज्ञात हो कि जिले में बनाए गए 5 परीक्षा केंद्रों में 2220 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए फॉर्म भरा था। जिसमें से कुल 1827 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन और द्वितीय प्रश्नपत्र तार्किक क्षमता पर था। पाली अनुसार देखें तो प्रात: 10 से 12 बजे तक आयोजित प्रथम प्रश्नपत्र में 1857 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 363 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दोपहर 03 से 05 बजे तक हुए द्वितीय प्रश्नपत्र में कुल 1827 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही और 393 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र वार पीएससी के पेपर में कुल 1827 प्रतिभागी शामिल हुए। आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शा. पीजी कॉलेज में 505, शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय में 204, स्वामी करपात्री जी शा. हायर सेकंडरी स्कूल में 464, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती चौक में 324 और स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल बस स्टैंड में 330 प्रतिभागी परीक्षा में शामिल हुए।

## राजनांदगांव में सियासी तकरार तेज: पुतला दहन पुलिस की भूमिका और अवैध शराब पर उठे बड़े सवाल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ( नव दृष्टिबिंदु)की राजनीति में उस समय नया मोड़ आ गया जब नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा की प्रेस विज्ञप्ति ने कानून-व्यवस्था, पुलिस की कार्यप्रणाली और अवैध शराब के मुद्दे को एक साथ केंद्र में ला दिया। विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री के पुतला दहन की घटना के संदर्भ में पुलिस की भूमिका पर तीखे प्रश्न उठाए गए, वहीं शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कथित अवैध एवं मिलावटी शराब की बिक्री को जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया गया।

पार्षद ने सार्वजनिक स्थल पर मुख्यमंत्री का पुतला जलाए जाने को कानून-व्यवस्था की दृष्टि से च्गंभीर विषयबताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समय रहते प्रभावी कदम अपेक्षित थे। उनके अनुसार, यदि समय पर सख्ती बरती जाती तो स्थिति को टाला जा सकता था। यहां यह कहना कि पुलिस को कांग्रेस ने साध लिया था यानी भाजपा सरकार पुलिस सुनती कांग्रेस पार्टी की इस बयान ने राजनीतिक हलकों में बहस को और तीखा कर दिया है। विज्ञप्ति का दूसरा अहम बिंदु अवैध शराब का मुद्दा रहा। शिव वर्मा ने दावा किया कि च्गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में शराब की उपलब्धता प्रशासनिक सतर्कता आबकारी विभाग, पुलिस और प्रशासन के कार्यक्षमता के साथ साथ उनके भ्रष्ट होने का भी सीधा सीधा आरोप जड़ दिया सरकार की कमज़ोरी भी गिना रहा है, उस पर प्रश्नचिह्न लगाती है। उन्होंने विशेष रूप से घटिया, कच्ची और मिलावटी शराब के संभावित खतरे का उल्लेख करते हुए इसे जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम बताया। उनका कहना है कि ऐसी शराब से विषाक्तता, बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है, जिस पर सरकार रोकने के बदले खुद ही अच्छी दारू रोज बेचने ठेलों में गाँव गाँव घर पहुंच सेवा देना चाहिए पुलिस और आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से शिव वर्मा के बताए अनुसार कार्य करना पड़ेगा कड़े कदम उठाने चाहिए। इन आरोपों के बाद सियासी प्रतिक्रिया भी तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने प्रेस विज्ञप्ति में उठाए गए मुद्दों को प्रशासनिक जवाबदेही से जोड़ते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 121 जड़ी बूटी से युक्त भव्य हवन किया गया...



**भिलाई (नांदगांव टाइम्स)।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के तत्वाधान में परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) प्रयागराज के मंगल सान्निध्य में हुडको दशहरा मैदान भिलाई में श्रीमति अंशु गुप्ता के द्वारा भव्य हवन का आयोजन किया गया । जिसमें ट्रस्ट से गुरु भाई बहन और काफी संख्या में भक्त गण सम्मिलित होकर हवन किए । दुर्लभ जडी बूटी और हवन सामग्री का प्रयोग करके मंत्रोपचार के साथ हवन किया गया जो कि पर्यावरण के लिए भी लाभप्रद है व्यापार व्यवसाय में वृद्धि,आध्यात्मिक विकास के साथ यह हवन पर्यावरण को भी शुद्ध रखता है । गुरुदेव ने यह बताएं कि हम सब जगह हमारा नियत कर्म और कर्तव्य होता है जिसका हम सभी को पालन करना चाहिए,साथ में संतुलन में रहने की बात बताई गई। काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही।

## जनता की आवाज से घबराई भाजपा, मुद्दों से भागने के लिए दे रही अनर्गल बयान : अभिमन्यु उदय मिश्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश भर में होली के दिन शराब दुकानें खोलने के जनविरोधी निर्णय के खिलाफ लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन पर भाजपा द्वारा बयानबाजी पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह आंदोलन व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सरकार की गलत नीति के खिलाफ था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के दिन प्रतीकात्मक पुतला दहन इसलिए किया गया ताकि सरकार को यह संदेश दिया जा सके कि प्रदेश की माताएं-बहनें और युवा होली जैसे पवित्र त्योहार पर शराब बिक्री का विरोध कर रहे हैं और क्योंकि साय जी मुख्यमंत्री हैं और आबकारी मंत्री भी हैं उनको जन्मदिन के दिन आईना दिखाया गया । भाजपा इसे व्यक्तिगत अपमान बताकर असली मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन पूर्णत: लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। यदि भाजपा को पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाना है तो वे प्रशासन से पूछें, लेकिन कांग्रेस पर निराधार आरोप लगाकर अपनी राजनीतिक हताशा न छिपाएं। च्क्या कांग्रेसियों ने पुलिस को साध लिया थाज्ज् जैसे बयान भाजपा की



बौखलाहट और लोकतांत्रिक विरोध से डर को दर्शाते हैं। मिश्रा ने कहा कि भाजपा यह बताए कि जब प्रदेश के कई इलाकों में घर-घर पानी नहीं पहुंच पा रहा, बेरोजगारी बढ़ रही है और महंगाई चरम पर है, तब सरकार की प्राथमिकता होली के दिन शराब बिक्री क्यों है? क्या यही जनहित है?उन्होंने भाजपा को याद दिलाया कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में शराबबंदी की दिशा में चरणबद्ध नीति और सामाजिक संवाद की प्रक्रिया शुरू की थी। वहीं वर्तमान सरकार त्योहारों को भी राजस्व कमाने का माध्यम बना रही है। अवैध शराब रोकने वाले तर्क पर उन्होंने कहा कि अवैध शराब के नाम पर वैध शराब की बिक्री बढ़ाना समस्या का समाधान नहीं है उल्टा अवैध शराब की बिक्री रोकना शासन का ही काम है साथ ही अपने बयान में वे खुद मान रहे हैं की गली-गली मोहल्ले-मोहल्ले अवैध व मिलावटी शराब बिक रही है ऐसे में कार्यवाही करने के बजाय वैध शराब को बढ़ावा देना सामाजिक संकट को और गहरा करना है एन सी आर बी की रिपोर्ट कहती है होली के दिन सड़क दुर्घटनाओं से ले कर आपराधिक घटनाओं में वृद्धि होती है ऐसे में खुले आम ठेके खोल देना आग में घी डालने जैसा है । अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना संवैधानिक अधिकार है। यदि जनता की आवाज उठाना भाजपा को च्छोटी मानसिकताज्ज् लगता है, तो यह उनकी सोच को दर्शाता है। कांग्रेस जनता के हित, महिला सुरक्षा और नशामुक्त समाज की मांग को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा मुद्दों पर जवाब दे, व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से राजनीतिक स्तर को गिराने का प्रयास न करे। राजनांदगांव की जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब भी देगी।

## ज्ञान मंथन

*1) भारत की पहली मोबाइल उपकरणों के लिए टेम्पर्ड ग्लास निर्माण सुविधा कहां शुरू की गई थी?*
*2) शीतल देवी ने वर्ल्ड पैरा आर्चरी चैंपियनशिप 2025 की महिला व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में कौन सा पदक जीता?*
*3) हाल ही में खोजी गई नई बेगोनिया प्रजाति च्चोना बुकु चुलु (आर्यरक्त)ज् किस राज्य में पाई गई है?*
*4) जैवलिन मिसाइल किस देश द्वारा विकसित की गई है?*
*5) हाल ही में दिवंगत सालुमरदा तिम्मक्का किस क्षेत्र से जुड़ी थीं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) नोएडा (2) स्वर्ण पदक (3) अरुणाचल प्रदेश (4) संयुक्त राज्य अमेरिका (5) पर्यावरण

# कन्हारपुरी वार्ड में दीपक बैज का ऐतिहासिक स्वागत

## पार्षद मोहनी युवराज भारती के निवास पर उमड़ा जनसैलाब

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम जंगलेसर में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता के पश्चात दीपक बैज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी कन्हारपुरी वार्ड पहुँचे। यहाँ वार्ड पार्षद श्रीमती मोहनी युवराज भारती के निवास पर उनका आत्मीय, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके पति युवराज दास ढिरहेर (जिला अध्यक्ष सतनामी सेवा समिति राजनांदगांव) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री बैज के आगमन पर वार्ड में जनउत्साह देखते ही बनता था जहाँ बड़ी संख्या में नागरिकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान कन्हारपुरी वार्ड की विभिन्न ज्वलंत एवं मूलभूत समस्याओं पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं नाली निर्माण, साफ-सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व प्रकाश व्यवस्था अन्य स्थानीय आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर भी सकारात्मक और



रचनात्मक विचार-विमर्श हुआ। श्री बैज ने उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन सदैव जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देता रहा है और आगे भी आम जनता की आवाज़ को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाता रहेगा। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदियार, शाहिद भाई, मेहुल मारू, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू वीरेंद्र चंद्राकर सीताराम श्रीवास देवेन्द्र साहू रमेश साहू स्यामरतन साहू तारा साहू दिलू साहू मानसिंह साहू राकेश चन्द्राकर हितेश साहू आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसमस्याओं के निराकरण हेतु मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कन्हारपुरी वार्ड में आयोजित यह जनसंवाद कार्यक्रम न केवल स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाने का माध्यम बना, बल्कि संगठनात्मक मजबूती और जनता से सीधे संवाद की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। कांग्रेस नेतृत्व की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और विश्वास का संचार स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

# संस्कारधानी में योजनाओं के दावों पर सवाल : तीन दिन से नहीं जला चूल्हा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकास और जनकल्याण की चमकदार तस्वीरों के बीच एक बोलता चित्र कई असहज सवाल खड़े कर रहा है। शहर के अटल आवास क्षेत्र में रहने वाली एक अभावग्रस्त महिला के घ,र तीन दिन तक चूल्हा नहीं जला—यह दावा सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसी हकीकत है जो शासन के दावों को कठघरे में खड़ा करती दिखती है।स्थानीय पत्रकार कमलेश सीमनकर द्वारा साझा की गई तस्वीर में महिला के सामने रखा राशन मानो व्यवस्था पर सीधा आरोप है। बताया गया कि महिला को न तो निराश्रित कार्ड मिला, न राशन कार्ड, और न ही महतारी वंदन जैसी योजनाओं का लाभ। सवाल उठता है—जब वर्षों तक प्रदेश में कल्याणकारी योजनाओं की गूंज रही, तो यह जरूरतमंद अब तक सिस्टम की नजरों से ओझल कैसे रही? प्रदेश की राजनीति में लंबे समय तक सत्ता के शीर्ष पर रहे डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल और वर्तमान जिम्मेदारियों के बीच यह घटना प्रशासनिक दावों पर आईना बनकर उभरी है। क्या जमीनी अमला योजनाओं की हकीकत से अनजान है, या फिर कागजों में दर्ज सफलता वास्तविक जरूरतों को ढक रही है? इस बीच, समाजसेवी भावेश अग्रवाल द्वारा तत्काल राशन उपलब्ध कराए जाने से मानवीय संवेदना की मिसाल जरूर सामने आई, लेकिन यह राहत एक बड़ा प्रश्न छोड़ जाती है—क्या नागरिकों की बुनियादी जरूरतें अब व्यक्तिगत दान और सद्भाव पर निर्भर रहेंगी? संस्कारधानी और संस्थाओं की नगरी कहलाने वाले राजनांदगांव में यह दृश्य व्यवस्था की संवेदनशीलता पर तीखा प्रहार करता है। जरूरत है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर स्पष्ट जवाब दें, ताकि योजनाओं के दावों और जमीनी सच्चाई के बीच की खाई पाटी जा सके।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव श्री विजय कुमार होता के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनंदगांव श्री निलेश जगदला के नेतृत्व में तालुक विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष /न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छुईखदान श्री ईशान व्यास के निर्देशानुसार पी.एल.व्ही श्री सनील कुमार द्वारा ग्राम विचारपुर एंव ग्राम जोम मे उपस्थित ग्रामीणो को निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दिया गया तथा विशेष रूप से मध्यस्थता / नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दिया गया, दोनों पक्षों के बीच आपसी मतभेदों को सुलझाने का प्रभावी और सरल माध्यम है यह न्यायिक प्रक्रिया से अलग एक वैकल्पिक व्यवस्था है जिसमें निष्पक्ष मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित कर समझौता करने का प्रयास करते हैं इसके अलावा बाल विवाह, घरेलू हिंसा , नशा मुक्ती , साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दिया गया तथा वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड से हमें हमेशा कैसे सतर्क रहना चाहिए जिससे साइबर फ्रॉड से होने वाले ठगी से बचा जा सके तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में कॉल करके जानकारी ले सकते हैं। पी.एल.व्ही श्री सनील कुमार द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित बहुत सारे योजनाओं जैसे की नालसा (तस्करी और वाणिज्य यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवा ) योजना 2015, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा )योजना 2016 , इत्यादि के संबंध में जानकारी दिया तथा आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 14 मार्च 2026 को आयोजन किया जाएगा जिसमें राजीनामा योगय के मामले को आपसी राजीनामा तथा भाईचारा से अपने प्रकरण का जल्द से जल्द निराकरण कर सकते हैं जिसमें ना किसी की जीत और ना किसी के हर होती हैं। किसी भी व्यक्ति को निशुल्क कानूनी सालहा लेनी है तो नालसा की हेल्पलाइन नंबर 15100 मे फोन करके जानकारी ले सकते हैं।



## कंवर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भोलाराम साहू से की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम चिखली, विकासखंड अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के परीक्षेत्रीय आदिवासी कंवर समाज के पदाधिकारीगणों ने



आगामी सामाजिक कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू जी से सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा से विधायक श्री साहू को अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने कंवर समाज द्वारा किए जा रहे सांस्कृतिक एवं सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए समाज के उत्थान एवं आयोजन की सफलता हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान उदे राम साहू (सचिव, प्रदेश किसान कांग्रेस), बेनी प्रसाद साहू (मंडल अध्यक्ष, चौकी), दयाल सिंह गंगासागर (अध्यक्ष, आदिवासी कंवर समाज), अगरचंद राजा बादशाह (सरपंच, ग्राम पंचायत चिखली), मदन लाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय बजट 2026- 27 पर परिचर्चा का आयोजन किया गया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा केन्द्रीय बजट2026.27 पर परिचर्चा काआयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापक और छात्र.छात्राए उपस्थित थे प् कार्यक्रम के प्रारंभमें डॉण् सुमीताश्रीवास्तव द्वारा बजट की मुख्य बातो पर प्रकाश डाला गया प् बजट में आधारभूत संरचनाए के विकास पर ध्यानदिया गया हैं प् डॉण् मीना प्रसादसहाण् प्राण् ने रोजगार एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रावधानों कोविस्तार से समझाया प् कार्यक्रम का संचालन डॉण् खेमारानी दुबेअतिथि सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया प् विद्यार्थी श्री हेमराज नेबजट की विभिन्न मदों को ए कुण्प्रियदर्शनी नेसार्वजनिक आय के स्त्रोतो, कु. निशा ने सार्वजनिक व्यय की मदों , कु. दुर्गेश्वरीनेरेल बजट एवं कु. छाया नेबजट के प्रकार के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद् ज्ञापन सुश्री गणेशी अतिथि सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया।

# जल जीवन मिशन के माध्यम से नल के माध्यम से घर पर शुद्ध पेयजल मिलने से ग्राम जंगलपुर की दैनिक जीवनशैली में आया सकारात्मक परिवर्तन

**राजनांदगांव।** जल जीवन मिशन अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम जंगलपुर के सभी 275 परिवारों को फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन प्रदान कर ग्राम के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। नल के माध्यम से घर पर शुद्ध पेयजल मिलने से ग्राम की दैनिक जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। ग्राम पंचायत जंगलपुर के सरपंच श्री भूपेन्द्र साहू ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना आने से पहले ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप तथा दूरस्थ जलस्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की स्थिति गंभीर हो जाती थी। किन्तु जल जीवन मिशन से ग्राम के प्रत्येक घरों तक नल कनेक्शन से नियमित स्वच्छ जल मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय तकनीकी टीम एवं ग्रामीणों के समन्वय से योजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया गया। पाइपलाइन विस्तार, टंकी निर्माण एवं जल स्त्रोत के सुदृढ़ीकरण सहित अन्य कार्य गुणवत्तापूर्ण संपन्न हुए। ग्राम



जंगलपुर में गठित जल बहिनी श्रीमती जनिया बाई, श्रीमती लकेश्वरी, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती रेखा यादव एवं श्रीमती लीला बाई ने योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जल बहिनी द्वारा नियमित रूप से एफ्टीके किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण किया जाता है तथा ग्रामीणों को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं जल का दुरूपयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया जाता है। इन महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से योजना के प्रति समुदाय का विश्वास एवं सहभागिता बढ़ी है। घर पर ही नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीण महिलाओं को घरेलू कार्यों में सुविधा मिली है। बच्चों की पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल रहा है तथा स्वच्छ जल के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आई है। ग्रामीणों में आत्मनिर्भरता और जागरूकता आई है। मजबूत नेतृत्व, सामुदायिक सहभागिता एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से किसी भी योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है। जल जीवन मिशन के हर घर जल के लक्ष्य को पूर्ण कर ग्राम जंगलपुर अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरा है।

## धर्म समाचार....

# 3 मार्च को साल का पहला चंद्र ग्रहण, कब करें होलिका दहन

इस वर्ष होलिका दहन के दिन चंद्र ग्रहण होने के कारण होली का पर्व बहुत ही विशेष और चर्चा का विषय बना हुआ है। जो कि 3 मार्च को है। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, लेकिन जब इस पावन अवसर पर ग्रहण और भद्रा जैसी स्थितियां बनती हैं, तो पूजा के नियमों में सावधानी बरतना जरूरी हो जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहण और भद्रा दोनों ही समय शुभ कार्यों के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। इसलिए, इस वर्ष होलिका दहन का पर्व मनाते समय सही समय और मुहूर्त का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है ताकि आपकी पूजा सफल हो।

**होलिका दहन डेट 2026 डेट और शुभ मुहूर्त**

होलिका दहन: मंगलवार, 3 मार्च 2026 होलिका दहन मुहूर्त: शाम 06:48 बजे से रात 08:50 बजे तक होली 2026 डेट और टाइम रंगवाली होली (धुलेंडी): बुधवार, 4 मार्च 2026




भद्रा पुंछा: रात 01:25 बजे से 02:35 बजे तक (4 मार्च की सुबह) भद्रा मुखा: रात 02:35 बजे से 04:30 बजे तक (4 मार्च की सुबह) भद्रा काल और होलिका दहन की सावधानी शास्त्रों के अनुसार, भद्रा काल में होलिका दहन करना अशुभ माना जाता है। भद्रा को विघ्नकारी माना गया है, और ऐसी आशंका रहती है कि इस समय किया गया दहन व्यक्ति के लिए कष्टकारी हो सकता है। 3 मार्च को भद्रा के समय का विशेष ध्यान रखना होगा। क्योंकि भद्रा समाप्त होने के बाद और प्रदोष काल के दौरान ही होलिका दहन करना सबसे उत्तम होता है। इस वर्ष भद्रा और चंद्र ग्रहण के संयोग के कारण भक्तों को मुहूर्त को लेकर बहुत सचेत रहना चाहिए। सही समय पर किया गया दहन न केवल नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करता है, बल्कि जीवन में खुशियों का मार्ग भी खोलता है।

**चंद्र ग्रहण का समय और सूतक काल का प्रभाव**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 3 मार्च 2026 को लगने वाला पूर्ण चंद्र ग्रहण भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 03:20 बजे प्रारंभ होगा, जिसकी समाप्ति शाम 06:47 बजे होगी। शास्त्रों में चंद्र ग्रहण से 9 घंटे पहले ही सूतक काल लगने का नियम है, जिसके आधार पर इस दिन सुबह लगभग 06:20 बजे से ही सूतक प्रभावी हो जाएगा। सूतक काल को दूषित समय माना जाता है, इसलिए इस दौरान देव मंदिरों के पट बंद कर दिए जाते हैं और किसी भी मांगलिक कार्य या मूर्ति स्पर्श की मनाही होती है। क्योंकि ग्रहण का प्रभाव शाम 06:47 बजे तक रहेगा, इसलिए शुद्धता के नियमों का पालन करते हुए होलिका दहन की सभी धार्मिक रस्में इस समय के बाद ही पूर्ण की जानी चाहिए।

## रंगभरी एकादशी के दिन शिवलिंग पर इस विधि से चढ़ाएं गुलाल, घर आएगी सुख-समृद्धि




फागन महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रंगभरी एकादशी कहा जाता है। इस साल यह पावन तिथि 27 फरवरी को मनाई जाएगी। यूं तो हर एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है, लेकिन रंगभरी एकादशी एकमात्र ऐसी एकादशी है, जिसका संबंध भगवान शिव और माता पार्वती से है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन बाबा विश्वनाथ माता पार्वती का गौना कराकर अपनी नगरी काशी लाए थे। उनके स्वागत में पूरी काशी नगरी ने अबीर-गुलाल उड़ाकर खुशियां मनाई थीं। इसलिए, इस दिन शिवलिंग पर गुलाल चढ़ाने का खास महत्व है। माना जाता है कि जो भक्त सही विधि से महादेव को रंग-गुलाल अर्पित करते हैं, उनके जीवन से दुखों के काले बादल छंट जाते हैं और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। आइए जानते हैं कि शिवलिंग पर गुलाल चढ़ाने की सही विधि क्या है?

**शिवलिंग पर गुलाल चढ़ाने की विधि** - सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और पीले या लाल कपड़े पहनें। मंदिर जाकर सबसे पहले शिवलिंग पर शुद्ध जल और गंगाजल अर्पित करें। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से भोलेनाथ का अभिषेक करें। फिर दाहिने हाथ की अनामिका और अंगूठे से गुलाबी या लाल गुलाल लेकर शिवलिंग पर अर्पित करें। गुलाल चढ़ाते समय ? नमः शिवाय या गौरीशंकराय नमः का जप करते रहें। महादेव के साथ माता पार्वती को भी लाल गुलाल और सुहाग की सामग्री चढ़ाएं। माना जाता है कि शिव-शक्ति को एक साथ रंग लगाने से दांपत्य जीवन के क्लेश दूर होते हैं। गुलाल के साथ-साथ ये शुभ चीजें भी चढ़ा सकते हैं यह आमलकी एकादशी भी है, इसलिए अच्छी सेहत के लिए आंवला जरूर चढ़ाएं। धन की तंगी दूर करने के लिए 11 बिल्व पत्र और शमी के पत्ते चढ़ाएं। रिश्तों में प्यार बढ़ाने के लिए चंदन का इत्र महादेव को लगाएं।

**रंगभरी एकादशी का महत्व** - शास्त्रों के अनुसार, रंगभरी एकादशी होली के त्योहार की शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन जो भक्त शिव-पार्वती की विधिवत पूजा करते हैं, उनके भाग्य के बंद दरवाजे खुल जाते हैं। यह दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए वरदान है, जिनके विवाह में देरी हो रही है या जिनका वैवाहिक जीवन खराब चल रहा है।

nandgaon times feb-23-2.qxd 2/22/2026 10:20 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कैट ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मिल आगामी बजट हेतु की चर्चा

## कृषि उत्पादों व मंडी टैक्स में राहत पर विशेष जोर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन Confederation of All India Traders (कैट) ने छत्तीसगढ़ राज्य के आगामी आम बजट को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर माननीय वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी को छत्तीसगढ़ बजट हेतु सुझाव सौंपे हैं। जिला संगठन ने विशेष रूप से कृषि आधारित उत्पादों, मंडी टैक्स में राहत तथा स्थानीय-स्वदेशी व्यापार को संरक्षण देने पर प्राथमिकता देने की मांग की है। CAIT के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, अशोक पांडे, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा अमित खंडेलवाल, राजेश जैन सी ए, ललित भंसाली एवं लक्ष्मण लोहिया ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी कि

**कृषि आधारित उत्पादों पर विशेष ध्यान की मांग**

कैट प्रतिनिधियों ने कहा कि आगामी बजट में कृषि आधारित उत्पादों पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। यदि कृषि उत्पादों पर लगने वाले व्यापारिक भार को कम किया जाता है, तो इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं को मिलेगा और महंगाई पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संगठन का मानना है कि किसान, व्यापारी और उपभोक्ता - तीनों के हितों को ध्यान में रखते हुए संतुलित नीति बनाई जानी चाहिए।

**मंडी टैक्स में छूट देकर व्यापार को राहत**

कैट ने कहा, च्आगामी बजट में मंडी टैक्स



में छूट देकर भी व्यापार को बड़ा लाभ दिया जा सकता है। मंडी शुल्क कम होने से थोक व खुदरा दोनों व्यापारियों को राहत मिलेगी और इसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा।ज्ज् संगठन ने बताया कि मंडी शुल्क में कमी से बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आवश्यक वस्तुएं उचित मूल्य पर उपलब्ध हो सकेंगी।

**स्थानीय व स्वदेशी व्यापार को संरक्षण जरूरी**

कैट ने कहा, स्थानीय और स्वदेशी व्यापार को संरक्षण देना समय की आवश्यकता है। आगामी बजट में यदि छोटे दुकानदारों, थोक व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए विशेष योजनाएं लाई जाती हैं, तो रोजगार बढ़ेगा और आत्मनिर्भर भारत की दिशा मजबूत होगी। संगठन का मानना है कि छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाना प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

**बजट हेतु अन्य सुझाव**

ट्रेडर्स हेतु रियायती दर पर ऋण एवं च्मुख्यमंत्री मेरी दुकान योजनाज्ज् प्रारंभ की जाए।व्यापारियों के लिए बीमा एवं पेंशन योजना लागू की जाए। (Preferential Credit Policy) को और सरल एवं प्रभावी बनाया जाए। मंडी शुल्क समाप्ति एवं कृषि उत्पादों पर व्यापारिक भार कम किया जाए। व्यापारिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास — स्मार्ट बाजार स्थापित किए जाएं। कमर्शियल सेक्टर हेतु सोलर सब्सिडी योजना लागू की जाए। स्मार्ट टूरिज्म नीति के अंतर्गत स्थानीय व्यापार को जोड़ा जाए। अंत में CAIT ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि आगामी बजट में व्यापारी वर्ग की अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए ठोस निर्णय लिए जाएं, ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके और आम जनता को राहत प्राप्त हो। उक्त जानकारी जिला कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी हैं।।

# महिला पर पत्थर पटककर मौत के घाट उतारा

## सुखानाला आम बगीचा अछोली में अज्ञात महिला की मिली लाश



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अछोली के सुखानाला समीप आम बगीचा में अज्ञात महिला की लाश देखने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और घटना की जानकारी मिलते ही नगर सहित आसपास ग्रामीण इकठ्ठे हो पुलिस को जानकारी दी गई। बताया जाता है कि शनिवार रविवार की दरमियानी रात्रि के बाद प्रात: 7 बजे आम बगीचा में अज्ञात महिला की लाश देखी गई, जिससे हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि अज्ञात महिला लगभग 39 साल की होगी व महिला मटमैला सफेद चेक साड़ी व हाथ में हरे रंग का चुड़ी व स्लेटी कलर का सेंडल था जिसके दाहिने सिर पर पत्थर मार कर चोट पहुंचाया गया है जिसके आसपास कुत्ते मंडरा रहे है की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर, थाना प्रभारी संतोष जायसवाल सहित डॉगस्कॉट, फॉरेंसिक टीम दल बल सहित घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई थी।

**महिला की हत्या की आशंका।**

महिला के शव को देखकर प्रतीत होता है कि अज्ञात आरोपी के द्वारा महिला के सर पर भारी पत्थर से वार कर सिर कुचल दिया गया जिससे मौत हुई होगी। वहीं लाश से दो मीटर की दूरी पर भारी पत्थर पड़ा था जिसमें खून के निशान स्पष्ट दिखाई पड़ रहे थे। पूरे मामले में पुलिस द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा अज्ञात महिला के शव का पंचनामा कार्यवाही मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ भेज दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ में भू-जल संचयन एक चुनौतीपूर्ण कार्य : अशोक चौधरी

## राजनांदगांव सहित कई जिलों में जमीन की बनावट बनी बड़ी बाधा




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में जल संकट और गिरते भू-जल स्तर के बीच सरकार जल संचयन और भू-जल रिचार्ज को लेकर लगातार योजनाएं बना रही है। हालांकि राज्य की भौगोलिक और भू-वैज्ञानिक परिस्थितियां इन प्रयासों के सामने बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हैं। यह कहना है राज्य सिंचाई एवं जल समिति के पूर्व सदस्य अशोक चौधरी का जिन्होंने अपने लंबे अनुभव के आधार पर छत्तीसगढ़ में भू-जल संचयन की वास्तविक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

श्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन जल संचयन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके लिए वृहद कार्यक्रम भी बनाए गए हैं। लेकिन उनका व्यक्तिगत और व्यावहारिक अनुभव बताता है कि राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों में जमीन के नीचे पानी को संचित करना आसान नहीं है। उन्होंने बताया कि यहां जमीन के नीचे लाल भुरभुरी पत्थर की परत पाई जाती है। जैसे ही इस पर पानी गिरता है पत्थर की सूक्ष्म दरारें बंद हो जाती हैं जिससे पानी जमीन के भीतर नहीं जा पाता। यही कारण है कि वर्षा जल का अपेक्षित भू-जल रिचार्ज नहीं हो पा रहा है। श्री चौधरी ने अपने तर्क को मजबूत करने के लिए राजनांदगांव के सर्किट हाउस के पास स्थित रानी सागर तालाब का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि यह तालाब पिछले डेढ़ सौ वर्षों से अधिक समय से अस्तित्व में है और हमेशा लबालब भरा रहता है। इसके बावजूद सर्किट हाउस परिसर में किए गए 8 बोरिंग प्रयास पूरी तरह असफल रहे। किसी भी बोर से पानी नहीं निकला। इससे यह स्पष्ट होता है कि जहां ठोस पत्थर नहीं है, वहां लंबे समय तक जमा पानी भी भू-जल को रिचार्ज नहीं कर पाता। उन्होंने आगे बताया कि शिवनाथ नदी के किनारे भी बोरिंग के प्रयास सफल नहीं हो सके। जब सैकड़ों वर्षों से संचित नदी का पानी भी ग्राउंडवाटर को रिचार्ज नहीं कर पाया तो केवल बरसाती पानी से यह उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं है। श्री चौधरी के अनुसार जिन इलाकों में लाइमस्टोन या सैंडस्टोन की परतें हैं वहां पत्थरों में मौजूद दरारों के कारण पानी जमीन के भीतर आसानी से जा सकता है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव से लगभग 10 किलोमीटर दूर भानपुरी गांव और 17 किलोमीटर दूर अर्जुनी गांव में लाइमस्टोन और सैंडस्टोन की मौजूदगी के कारण बोरिंग सफल रही है।

# ग्राम सिंघोला में 10-11 मार्च को पंथश्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब का आगमन, श्रद्धालुओं में उत्साह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के ग्राम सिंघोला में 10 एवं 11 मार्च 2026 को पावन धार्मिक आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सतनाम पंथ के आराध्य संत पंथश्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब का शुभ आगमन होगा। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को पंथश्री के आशीर्वचन, दर्शन-बंदगी तथा चौका आरती का लाभ प्राप्त होगा। दो दिवसीय इस धार्मिक मेले में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था, प्रसाद वितरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन में सहभागिता निभाएं और पावन अवसर का लाभ प्राप्त करें।



# जिला मुख्यालय राजनांदगांव में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 शांतिपूर्वक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आज राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में कुल 12 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। इस परीक्षा शामिल होने के लिए कुल 4186 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरे गये थे। जिसमें से प्रथम पाली में 3449 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 737 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 3387 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 799 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669



# तुमड़ीबोड़ में लोक मंडई महोत्सव आयोजन पर चर्चा करते हुए कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हमारे ग्राम तुमड़ीबोड़ में लोक मंडई महोत्सव आयोजन में अतिथि आमंत्रित के विषयों पर मान. कोमल सिंह राजपूत जी भाजपा जिला अध्यक्ष राजनांदगांव से चर्चा करते वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राजेंद्र जैन जी,सरपंच ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ श्रीमती भुनेश्वरी साहू जी,मंडल अध्यक्ष श्री जागेश्वर यादव जी, मंडल महामंत्री श्री टीकम पटेल जी,मंडल उपाध्यक्ष श्री अमरोतन साहू जी, ग्राम प्रमुख श्री पुरुषोत्तम दास साहू जी,मिडिया प्रभारी पितांबर साहू जी,श्रीमती बासन साहू जी(पंच),श्री लीलाधर साहू जी,श्री राजेश साहू जी।

# महापौर मधुसूदन यादव ने फेडरेशन के केलेंडर का विमोचन किया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन मधुसूदन यादव महापौर एवं पूर्व सांसद राजनांदगांव ने अपने निज निवास में किया। महापौर ने फेडरेशन को शुभकामनाएं दी।विमोचन के अवसर पर प्रांत संयोजक मनीष कुमार मिश्रा,जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू,जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला पदाधिकारी बंदीश नेम पांडे,अमीन कुरैशी, राजनांदगांव ब्लाक अध्यक्ष सूरज शर्मा, उमेश देशलहरा, राजेश पंचभाई, डीषम तिवारी, खिलावन निर्मलकर,रूपचंद बिदानी,हीरा लाल सबर, फगू लाल साहू, राम कुमार सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजनांदगांव में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग का आयोजन



**रेलवे सुरक्षा बल की पहल, युवाओं और आमजन ने दिया फिट रहने का संदेश**

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव द्वारा रविवार सुबह फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रात: 7:30 बजे दिग्विजय स्टेडियम, बी-ब्लॉक में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों, खिलाड़ियों और युवाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन रेलवे सुरक्षा बल के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चंद्र आर्य (दक्षिण पूर्व मध्य रेल, नागपुर) के निर्देशन में तथा पोस्ट राजनांदगांव की निरीक्षक प्रभारी तरुणा साहू के नेतृत्व में किया गया।इस अवसर पर Employees' State Insurance Corporation राजनांदगांव के अधिकारी-कर्मचारी, स्टेशन मास्टर श्री बर्मन, सीटीआई श्रीमती रेखा पदम जीबी, आरपीएफ स्टाफ, कोचेस, वार्डन, बास्केटबॉल के बालक खिलाड़ी तथा साई एकेडमी के खिलाड़ियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आरपीएफ जवानों, शहर के युवाओं और आमजन में शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतिभागियों ने साइकिलिंग कर फिट रहने का संदेश



दिया और नियमित व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। साइकिलिंग के उपरांत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रतिभागियों को स्वास्थ्यवर्धक फल एवं जूस वितरित किए गए, जिससे च्स्वस्थ भारतज्ज् के संकल्प को और मजबूती मिली।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com